# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

वर्ष-1 अंक-113 सागवाड़ा, गुरुवार, 23 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


## इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में मिली छूट

**सागवाड़ा।** इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित प्रयोजनों के लिए पात्र व्यक्तियों के पक्ष में चिन्हित बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा 31 मार्च, 2022 तक जारी किए जाने वाले ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी से छूट प्रदान करने का संवेदनशील निर्णय सरकार ने लिया है। नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत ने अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए यह छूट दी है। खोडनिया ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण आजीविका के संकट से प्रभावित होने वाले स्ट्रीट वेंडर्स तथा सर्विस सेक्टर के युवाओं एवं बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उनकी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए 50 हजार रूपए तक का ऋ़ण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है।

योजना का लक्ष्य गली-मोहल्ले में फेरी चलाने वालों, रिक्शाचालक, कुम्हार, दर्जी, धोबी, हेयर ड्रेसर, मिस्त्री, पेंटर आदि का काम कर गुजर -बसर करने वालों तथा बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें आजीविका एवं स्वरोजगार के लिए बिना किसी गारंटी के माइक्रो-क्रेडिट सुविधा प्रदान करना है। योजना के तहत स्वीकृत किए जाने वाले 50 हजार रुपए तक के ऋ़ण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी से छूट देने की मंजूरी दी है।

## जल संसाधन मंत्री मालवीया ने ली संभाग स्तरीय बैठक

# बांसवाड़ा में हरिदेव जोशी केनाल तथा डूंगरपुर में भीखाभाई केनाल से संबंधित कार्य भी पूर्ण किए जाएंगे

**उदयपुर।** जल संसाधन, इन्दिरा गांधी नहर परियोजना एवं जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने , संभाग स्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में सरकार द्वारा 100 एनीकटों का निर्माण करवाएंगे।

बैठक में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, प्रतापगढ़ विधायक रामलाल मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता भुवन भास्कर, मुख्य अभियंता केडी सांदू, ऋषभ जैन आदि मौजूद थे। मालवीया ने बताया कि माही के अंदर दो बड़ी केनाल बनाने की कार्ययोजना है। इसमें एक अपर हाई लेवल केनाल व एक पीपलखूंट की केनाल है। एक केनाल 1600 करोड़ की होगी और दूसरी 800 करोड़ की।

800 करोड़ वाली केनाल पीपलखूंट से निकलकर जाखम के डाउन स्ट्रीम में नागलिया डेम तक पानी आएगा। अपर हाई लेवल केनाल जिससे पूरा गांगड़तलाई क्षेत्र, पूरा सज्जनगढ़ का क्षेत्र पानी पी रहा है और कुछ क्षेत्र बांसवाड़ा का व 11 पंचायते आनंदपुरी की, लाभान्वित होगी। इस पर करीब 1500 से 1600 करोड़ का व्यय होगा। बांसवाड़ा में हरिदेव जोशी केनाल तथा डूंगरपुर में भीखाभाई केनाल से संबंधित कार्य भी पूर्ण किए जाएंगे। विभागीय अभियंताओं से उन्होंने भीखाभाई केनाल के सागवाड़ा में लोहारिया तालाब तक हुए कार्य की प्रगति की जानकारी ली और प्रगतिरत कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि भीखाभाई केनाल के 120 किलोमीटर तक पानी देने की योजना को अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जावें।



### कागदी पर इंदिरा गांधी व माही डेम पर हरिदेव जोशी की प्रतिमा लगेगी

बैठक दौरान कैबिनेट मंत्री मालवीया ने कहा कि वागड़ अंचल की जीवन रेखा माहीडेम की सौगात देने वाले महान व्यक्तित्वों की याद को चिरस्थायी रूप देने के लिए विशाल प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बांसवाड़ा के कागदी पिकअप वियर पर माही की नहरों का शुभारंभ करने वाली देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भी विशाल प्रतिमा लगाई जाएगी वहीं बांसवाड़ा को माही डैम की सौगात देने वाले विकास पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हरिदेव जोशी की विशाल मूर्ति भी माही की डाउन स्ट्रीम क्षेत्र में लगाने का निर्णय लिया गया है।

### डूंगरपुर व प्रतापगढ़ विधायक ने दिए सुझाव

समीक्षा बैठक में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने मेवाड़ा और अपर घोड़ी बांध की नहरों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति बताते हुए इनको जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की बात कही। घोघरा ने सोम कागदर का पानी डूंगरपुर तक पहुंचाते हुए डूंगरपुर व आसपास के क्षेत्र को सिंचित कराने का सुझाव दिया। प्रतापगढ़ विधायक रामलाल मीणा ने जाखम डेम, सोनार डैम, मोका टेक, केरिया डेम, अमृतिया आदि जलाशयों से सिंचाई की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

इस पर केबिनेट मंत्री मालवीया ने संबंधित अभियंताओं को प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## घर पर लगा था रंगीन प्रिंटर, 6 लाख के नकली नोट बरामद

### 1 करोड़ के नकली नोट छापने वाले थे, 2 गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**बांसवाड़ा।** पुलिस ने एक घर पर छापा मार कर 6 लाख 3 हजार रुपए के नकली नोट जब्त किए हैं। मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी फरार है। आरोपी एक करोड़ 20 लाख रुपए के नकली नोट छापने की तैयारी में थे। बांसवाड़ा एसपी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि बुधवार को नाकाबंदी के दौरान परमेश्वर पुत्र कुरा पाटीदार निवासी ओड़ा के कब्जे से 3140 रुपए के नकली नोट बरामद किए थे। मामले में एएसपी कैलाश सांदू, डीएसपी सूर्यवीर सिंह ने नकली नोट छापने वाले गिरोह की तलाश शुरू की। अरथूना थानाधिकारी हिम्मत कुमार बुनकर के साथ स्पेशल टीम ने गुजरात के लिमडी कस्बे में विक्रम भाई पुत्र गुल सिंह भाई मुनिया आदिवासी के घर पर दबिश दी।उसके कब्जे से 6 लाख 31 हजार रुपये के छापे हुए नकली नोट जब्त किए। एसपी ने बताया की घर से नकली नोट छापने के रंगीन प्रिंटर, मोबाइल, रंगीन कार्टिज, टोनर भी बरामद किए हैं।

## महिला कर्मचारियों को सौगात, सरकारी नौकरी से पूर्व संतान होने पर भी मिलेगा मातृत्व अवकाश

**जयपुर।** गहलोत सरकार ने महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश के नियमों में संशोधन करते हुए बड़ी राहत दी है। अब सरकारी नौकरी से पूर्व संतान होने पर भी महिला कर्मी को मातृत्व अवकाश मिलेगा। हालांकि, उसे इसके लिए सरकारी सेवा में आने के 15 दिनों में बच्चे की जानकारी देनी होगी।मातृत्व अवकाश को लेकर लगातार इस बात को लेकर कानूनी पेचीदगियां आ रही थी। अगर महिला कर्मचारी की नियुक्ति कुछ दिन या महीने पहले बच्चे का जन्म होता था तो उसे मेटरनिटी लीव नहीं मिल रही थी।

इसको लेकर कई मामले कोर्ट में भी पहुंचे थे। इसी बीच लगातार आ रही शिकायतों के बाद अब वित्त विभाग ने आदेश जारी किया. वित्त विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया अगर कोई भी महिला कर्मचारी नौकरी ज्वाइन करने से पहले बच्चे को जन्म दे चुकी है. उसे भी अब मैटरनिटी लीव यानी मातृत्व अवकाश का लाभ मिल सकेगा।

## नयाटापरा गांव में किराणा दुकान की आड़ में गांजा, अफीम और डोडा पोस्ट बेचते एक व्यापारी को गिरफ्तार किया

### व्यापारी के कब्जे से पुलिस ने 12 किलो 900 ग्राम गांजा, 4 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त ओर 50 ग्राम अफीम जब्त की

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम व सागवाडा थाना पुलिस ने सागवाडा थाना क्षेत्र के नयाटापरा गांव में किराणा दुकान की आड़ में गांजा, अफीम और डोडा पोस्ट बेचते एक व्यापारी को गिरफ्तार किया है 7 व्यापारी के कब्जे से पुलिस ने 12 किलो 900 ग्राम गांजा, 4 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त ओर 50 ग्राम अफीम जब्त की है 7 सागवाडा थाने के सीआई सुरेन्द्र सिंह ने बताया की मुखबीर के जरिये डीएसटी को सूचना मिली थी कि नया टापरा गांव में एक व्यक्ति किराणा दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करता है। इस पर सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी के साथ डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपाल सिंह, चालक पंकज की टीम नया टापरा गाँव पंहुची। यहाँ पर पुलिस ने गणेश मकवाना की किराणा की दुकान पर दबिश दी। पुलिस ने इस दौरान जब दुकान की तलाशी ली तो दुकान में छुपाकर रखा गया गांजा, अफीम ओर डोडा पोस्त को बरामद किया। जिसे पुलिस की टीम ने जब्त कर लिया।थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि दुकान से 12 किलो 900 ग्राम गांजा, 4 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त ओर 50 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी व्यापारी गणेश मकवाना को गिरफ्तार कर लिया है। सागवाडा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस द्वारा दर्ज किये मुकदमे वापस लेने की मांग

### आदिवासी समाज के लोगो ने कलेक्ट्रेट पर साप्ताहिक धरना प्रदर्शन शुरू किया

**डूंगरपुर।** पुलिस द्वारा दर्ज किये मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोगो ने कलेक्ट्रेट पर साप्ताहिक धरना प्रदर्शन शुरू किया है। प्रत्येक गुरुवार को धरना देने के निर्णय के बाद आज आदिवासी समाज के लोगो ने आज कलेक्ट्री पर दूसरी बार धरना प्रदर्शन किया। लोगो ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हजारों बेगुनाह युवाओ के नाम झूठे मुकदमो में डालने का आरोप लगाया। आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि पोपट खोखरिया ने बताया कि 4 दिन तक चले कांकरी डूंगरी उपद्रव के दौरान पुलिस की विफलता दिखाई दी वही पुलिस ने अपनी विफलता पर परदा डालने के लिये डूंगरपुर के सदर ओर बिछीवाड़ा थाने के अलावा उदयपुर जिले के खेरवाड़ा ओर ऋषभदेव थानों में 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज कर करीब 7 हजार आदिवासी युवाओ के नाम मुकदमो में डाल दिये। खोखरिया ने कहा कि पुलिस द्वारा दर्ज सभी मुकदमे झूठे है और इन मुकदमो में नाम होने की वजह से निर्दोष लोगो का भविष्य खराब हो रहा है। खोखरिया ने कहा कि अगर मुकदमे शीघ्र वापस नही लिए जाते तो आने वाले समय मे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## देवला में भाजपा के उदयलाल 86 वोट से जीते

### बीटीपी समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार ने दी टक्कर

**डूंगरपुर।**

पंचायत समिति आसपुर के वार्ड 1 देवला से भाजपा के उदयलाल मीणा ने 86 वोट से पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीत लिया है। भाजपा प्रत्याशी ने बीटीपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज की है।

पंचायत समिति सदस्य वार्ड 1 से दो दिन पहले हुए चुनाव की मतगणना गुरुवार को हुई। आसपुर एसडीएम प्रवीण कुमार मीणा की मौजूदगी में मतगणना की गई। भाजपा के उदयलाल मीणा ने 86 वोट से जीत दर्ज की। भाजपा के उदयलाल को 966 वोट मिले। निर्दलीय कमलेश मीणा को 880 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस के दिनेश 649 वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहे।

नोटा को 73 वोट पड़े। चुनाव में जीत के बाद भाजपा में जीत का माहौल है। आसपुर देवला सीट पर इससे पहले बीटीपी समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी नरेश ने जीत दर्ज की थी।

इस बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय बीटीपी प्रत्याशी से यह सीट छीन ली।

## जल्द आ रही टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी : कल्ला

### शिक्षा मंत्री उदयपुर के दौरे पर, कहां वक्त के साथ बढ़ी अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों की मांग

**उदयपुर।**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि ग्रेड थर्ड शिक्षकों के लिए जल्द ही ट्रांसफर पॉलिसी आ रही है। ऐसे में आने वाले समय में शिक्षकों को स्थानांतरण को लेकर बड़े स्तर पर जल्द कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक की कोई कमी नहीं है। विभाग के जिम्मेदारों को चाहिए कि वे वक्त-वक्त पर हर स्कूलों की समीक्षा कर टीचर लगाने का काम करें। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला गुरुवार को अल्प प्रवास पर उदयपुर आए थे।



कल्ला ने कहा कि पहले जहां हम लोग 49 बच्चों पर एक शिक्षक दे देते थे, लेकिन वर्तमान में अब 30 बच्चों पर एक शिक्षक स्कूल को मिल रहे है।

यदि स्कूल प्रबंधन अधिकारियों के वक्त वक्त पर स्कूलों की समीक्षा करेंगे तो सभी समानांतर रूप से टीचर मिल सकेंगे। रीट के पदों को 31 हजार से बढ़ाने की मांग पर युवाओं द्वारा किए जा रहे आंदोलन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पदों की संख्या बढ़ाना वित्त विभाग का काम है। कल्ला ने कहा कि राज्य में अब महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूलों में बच्चों की संख्या निरंतर बढ़ने लगी है।

सुविधाओं के विस्तार पर और काम किया जा रहा है। बच्चा इंग्लिश और हिंदी मीडियम में दोनों में रुचि लेकर पढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ अंग्रेजी मीडियम स्कूल की मांग और बढ़ी तो सरकार स्कूलों की संख्या बढ़ाएगी।

## बोर्ड के विकास कार्य अगले 70 साल तक याद किये जायेंगे-खोडनिया

### नगर पालिका सागवाड़ा 100 पट्टें वितरित, अबतक 588 पट्टें दिये


**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा में पूर्व राज्यमंत्री और कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के मुख्य आतिथ्य में पट्ट वितरण किया गया। प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 101 पट्टों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश खोडनिया ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में सागवाड़ा नगर पालिका उदयपुर की 22 निकायों में से चौथे स्थान पर आई है तथा सभी के सहयोग से मार्च तक प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उच्च स्थान पर आएंगे। पालिका टीम ने सभी की समस्या दूर करने का प्रयास किया है। कांग्रेस राज में 69 ए के पट्टे मात्र 501 रुपये में देकर आमजन को लाभान्वित किया है। बिना भेदभाव के कार्य किया है। खोडनिया ने कहां कि शहर में रोजाना 5 टन से अधिक कचरा एकत्र हो रहा है खाद बनाने का काम शुरू हो गया है। ऐसे में कचरे का एक साल में निस्तारण कर दिया जाएगा। खोडनिया ने कहा कि 350 फ़ाइल 10 साल से नगरपालिका में दबी पड़ी थी। जिसमे कांग्रेस का बोर्ड बनने के बाद से 175 फ़ाइल को स्वीकृति दी गई और शेष की कार्यवाही चल रही हे अब तक 588 पट्टे नगरपालिका ने जारी किए हैं। 5 साल में 500 करोड़ के विकास का वादा किया था जिसे पूरा किया जाएगा। इस बोर्ड के विकास कार्य अगले 70 साल तक याद किये जायेगे।



उन्होंने कहां कि लोहारिया तालाब को नहर के नाम पर खत्म किया गया। नहर को ठीक करने 3 करोड़ स्वीकृत हुए तथा एक माह से कार्य चल रहा है। नगर में पानी की कमी नही होगी। ओर भी कई कार्य सागवाड़ा के लिए आ रहे हैं। 31 मार्च के बाद विकास कार्य नज़र आने लगेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंधु पाठक तहसीलदार मयूर शर्मा, नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा और ललित पंचाल थे। पार्षद भरत जोशी, इंद्रजीत मकवाणा, खुशपाल गलालिया, किशोर भावसार, प्रदीप जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए शिविर संबंधित हुए कार्यों की जानकारी दी। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि कार्यक्रम में स्टेट ग्रांट एक्ट के 64 और 69- ए के 37 पट्टे बांटे गए। खोडनिया ने बताया कि अब तक 90- ए के तहत 196, स्टेट ग्रांट एक्ट के 143, 69ए के 47 और लीज संबंधित 10 पट्टे बांटे गए है। साथ ही नामान्तरण प्रमाण पत्र 102 और भवन निर्माण की 90 स्वीकृति पत्र जारी किये गए। शिविर में अब तक 588 पट्टे जारी हुए है जिससे पालिका को 76 लाख की आय हुई है। संचालन सिद्धार्थ शर्मा ने किया।


## शोक संदेश



हमारी मातुश्री **गंगा देवी जोशी**

पत्नी स्व. शांतिलाल जी जोशी का स्वर्गवास दि. 22.12.2021 को हो गया है। हम परिवारजन और अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पगड़ी रस्म 02.01.2022 को निवास स्थान पर कोविड गाइडलाइन की पालना करते हुए रखी गई है।

शोकाकुलः निर्मला-जवाहरलाल जोशी (देवरानी-देवर), दीपिका-उमाशंकर जी व्यास, इंदिरा-विजय जी जोशी (पुत्री-दामाद), चेतना-नीरज, मनोरमा-दिलीप, गंगा स्वरूपा प्रकृति-स्व. मनोज, हंसा-महेश, हिमांशु-अशोक (पुत्र-पुत्रवधू), जूली-चंद्रेश, बरखा-पंकज (भाणेज), निश्चल, भव्य, साहिल, हेमाद्री, तनय, युवराज, देवांश, अर्थव, तन्वी, भार्गव, नंदिनी, याश्री, नैवेद्य (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त जोशी परिवार-खड़गदा जिला डूंगरपुर (राज.)

मो. 9772472823, 9664133078, 9983345073